लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3992

25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

कौशल विकास कार्यक्रम

3992. श्री अनुराग शर्मा:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा वस्त्र क्षेत्र में, विशेषकर झांसी जैसे क्षेत्रों में कौशल विकास योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ख) इन पहलों से रोजगार और उद्यमिता के अवसरों के लिए स्थानीय युवाओं और कारीगरों को किस प्रकार लाभ होता है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): वस्त्र मंत्रालय समर्थ (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना) को क्रियान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य संगठित वस्त्र और संबंधित क्षेत्रों में रोजगार सृजन में उद्योग के प्रयासों को पूरक बनाने के लिए मांग आधारित, प्लेसमेंट-उन्मुख कौशल कार्यक्रम प्रदान करना है, जिसमें संगठित क्षेत्र में स्पिनिंग और वीविंग को छोड़कर वस्त्रों की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला शामिल है। समर्थ को झांसी जिले सहित पूरे देश में मांग आधारित आधार पर क्रियान्वित किया गया है।

***